दिनांकः 21.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्य विधानसभा में कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित छह विधायक बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलम्बित।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी–मौजूदा अध्यक्ष मदन राठौड़ का एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष बनना तय।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में **सोल कॉन्क्लेव** का उद्घाटन किया–कहा–देश को हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की ज़रूरत।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आत्मविकास और स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को ज़रूरी बताया।

**000**

राज्य विधानसभा ने आज विपक्षी कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद डोटासरा समेत छह विधायकों को बजट सत्र के लिए निलम्बित करने का प्रस्ताव पास कर दिया। सदन में विपक्षी सदस्यों की ओर से किये गये हंगामे के बीच आसन की तरफ बढ़ने की घटना को गंभीरता से लेते हुए यह कार्यवाही की गई। कांग्रेस के विधायक इस कार्यवाही के विरोध में सदन में धरने पर बैठ गये। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के सदन में प्रस्ताव रखने के दौरान कांग्रेस के विधायक वैल में नारेबाजी कर रहे थे। हंगामे और नारेबाजी के बीच उन्होंने श्री डोटासरा, रामकेश मीणा, अमीन कागज़ी, ज़ाकिर हुसैन गैसावत, हाकिम अली खान और संजय कुमार को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर वोटिंग के बाद स्पीकर ने उन्हें निलंबित कर दिया। कांग्रेस विधायक प्रश्नकाल में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की विवादित टिप्पणी का विरोध करते हुए वैल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान कुछ विधायक सचिव की कुर्सी के पास तक चले गए। हंगामे के कारण आज सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। विधानसभा की कार्यवाही अब 24 फरवरी को 11 बजे शुरू होगी।

000

राज्यसभा सांसद और मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ का एक बार फिर पार्टी का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। चुनाव प्रक्रिया के तहत श्री राठौड़ ने आज अपना नामांकन चुनाव प्रभारी विजय रूपाणी को सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी उपस्थित रहे।
नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद श्री रूपाणी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इसी के साथ राष्ट्रीय परिषद के लिए 25 सदस्य चुने जाएंगे। आज उनके नामांकन भी भरे गए। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद के निर्वाचन की घोषणा कल सुबह 11 बजे की जाएगी।

...............

000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जारी करेंगे। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री चौहान ने कहा कि बिहार के भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम से ये राशि जारी की जाएगी। इससे देशभर के ढाई करोड़ किसानों को फायदा मिलेगा।

...............

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि चिंता और अवसाद मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर चुनौती के रूप में उभरे हैं। आज नई दिल्ली में मेडिटेशन के वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास मिशन के अनुरूप है।

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन की प्रासंगिकता वसुधैव कुटुम्बकम की प्राचीन परंपरा से मेल खाती है। श्री धनखड़ ने भारत को एक अनूठी पांच हजार वर्ष पुरानी सभ्यता और दुनिया का सांस्कृतिक केंद्र बताया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की ज़रूरत है। विश्व स्तरीय शासन और नीति बनाने वाले ईको सिस्टम के लिए आवशययक कदम उठाए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली में **स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप–सोल कॉन्क्लेव** के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। भारत मंडपम में आयोजित इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि मानव संसाधन राष्ट्र के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। देश को नवाचार और कौशल बढ़ाने वाले संसाधनों की आवश्यकता है।

..............

प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि **सोल** उन नेताओं को आकार देगी जो राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप की स्थापना विकसित भारत की यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दो दिन के सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव में राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, कारोबार और सामाजिक क्षेत्र के लोग अपनी प्रेरणादायक जीवन यात्रा को साझा कर रहे हैं। स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप का उद्देश्य औपचारिक प्रशिक्षण के माध्यम से देश में राजनीतिक नेतृत्व के परिदृश्य को व्यापक बनाना है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम ''मन की बात'' 23 फरवरी को होगा। सुबह 11 बजे से यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसे एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर, मोबाईल एप पर भी सुना जा सकता है।

000

राज्य बजट में हर ग्राम पंचायत में बरतन बैंक खोलने की घोषणा की गई है। इसके पहले चरण में एक हजार ग्राम पंचायतों को एक–एक लाख रुपये के बरतन उपलब्ध करवाए जाएंगे। झुंझुनूं जिले की बुहाना क्षेत्र की लांबी अहीर ग्राम पंचायत का ये मॉडल पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। एक रिपोर्ट –

...............

000

सीमा सुरक्षा बल की ओर से जैसलमेर के साधना गांव में **सिविक एक्शन प्रोग्राम** रखा गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुए इस कार्यक्रम में जरूरतमंद परिवारों को कपड़े और विद्यार्थियों को खेल कूद सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कबड्डी मैच भी हुआ।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने आज एक कार्यवाही करते हुए दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में पुष्कर नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता रामनिवास मीणा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मीणा ने पुष्कर नगर परिषद क्षेत्र में करवाये गये कार्यों के भुगतान से संबंधित बिलों पर हस्ताक्षर कर आगे एईएन और कमिश्नर को भिजवाने की एवज में 10 प्रतिशत के हिसाब से दो लाख रुपये की मांग की थी। आरोपी मीणा ने परिवादी को रिश्वत की राशि लेकर आज पुष्कर बुलाया। यह राशि अपने चचेरे भाई महेश मीणा को दिलवाई, जो मौके से इस रिश्वत राशि को लेकर फरार हो गया। पुलिस महेश मीणा की तलाश कर रही है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि योग आत्मविकास का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने सभी से योगिक दिनचर्या अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी है। श्री बागडे आज जयपुर नगर निगम ग्रेटर की ओर से आयोजित योग साधक सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 1 हजार 611 मिनट का अनवरत योग कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने में महती भूमिका निभाने वाले योगाचार्यों, योग प्रशिक्षकों और योग प्रेरकों को सम्मानित किया। समारोह में राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर और क्रीड़ा भारती के प्रदेश संयोजक मेघ सिंह ने भी योग संस्कृति के प्रसार का आह्वान किया।

000

आज अंतराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस है। भाषायी और सांस्कृतिक विविधता के बारे में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से पूरी दुनिया में ये दिन मनाया जाता है। यूनेस्को की ओर से मान्यता प्राप्त ये दिन मातृ भाषा के संरक्षण और भाषीय विविधता के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस अवसर आईये सुनते हैं, बालोतरा से हमारे श्रोता का संदेश –

...............

000

प्रदेश के मौसम में उतार–चढ़ाव बना हुआ है। बीते 24 घंटों में हनुमानगढ़ जिले में कहीं–कहीं हल्की बरसात हुई। जिले में आज भी बादलों की आवाजाही बनी रही और तेज हवाएं चलीं। संगरिया में न्यूनतम तापमान 7 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं चित्तौडगढ, भीलवाडा, बाडमेर और जालौर में दिन का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले चार–पांच दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। इस बीच, न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।